E-Mail

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (7) अपील–07/2024..........................

आदेश

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आदेश सं0–684 दिनांक–06.02.2024 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री प्रिंस कुमार, (Emp. ID No.- AEN00322), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी द्वारा ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)'' में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

निर्धारित तिथि एवं समय पर अपील की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

श्री प्रिंस कुमार के नियोजन उपरान्त इनके द्वारा समर्पित प्रमाण–पत्रों की जाँच/सत्यापन के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा दाखिल शैक्षणिक प्रमाण–पत्र प्रकाशित विज्ञापन से भिन्न अर्थात् Diploma in Civil Engineering के स्थान पर Bachelor of Civil Engineering का है, जो प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से भिन्न है।

निर्धारित न्यूनतम योग्यता से भिन्न प्रमाण–पत्र दाखिल कर नियोजन प्राप्त किये जाने के विरूद्ध भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा दिनांक–07.07.2023 को अपीलार्थी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। अपीलार्थी द्वारा ससमय स्पष्टीकरण दाखिल किया गया है। समर्पित स्पष्टीकरण में अपीलार्थी द्वारा उल्लेख किया गया है कि प्रकाशित विज्ञापन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता संबंधी कोई बाध्यता का उल्लेख नहीं था जिसके कारण Bachelor of Civil Engineering का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत स्पष्टीकरण में दिए गए तर्कों को अस्वीकार करते हुए भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा इनका संविदा नियोजन समाप्त किया गया है।

अपीलार्थी के कथन, अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील एवं संलग्न अभिलेख की विवेचना किया गया, विवेचनोपरान्त पाया कि विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर नियोजन हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2019 में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अहर्त्ता सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा निर्धारित किया गया है तथा मैट्रिक एवं सिविल इंजीनियरिंग इन डिप्लोमा परीक्षा में प्राप्त अंकों की गणना कर नियोजन करने का प्रावधान किया गया है। निर्धारित न्यूनतम योग्यता से उच्चतर डिग्रीधारक की अंकों की गणना कर नियोजन किया जाना नियमानुकूल नहीं है।

अतः निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आदेश संख्या–684 दिनांक–06.02.2024 में कोई हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। अपीलार्थी का दावा अमान्य। अपीलवाद अस्वीकृत।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

E-Mail

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–07/2024....13162....**पटना, दिनांक :–**05/08/2024

प्रतिलिपिः– श्री प्रिंस कुमार, (Emp. ID No.- AEN00322), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी, Email ID- princecivil14 @gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

05.08.24

उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (7) अपील–07 / 2024....13762....पटना, दिनांक :–05/08/2024

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), सीतामढ़ी को सूचनार्थ प्रेषित।

05/08/24
उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (7) अपील–07 / 2024....13762....पटना, दिनांक :–05/08/2024

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

05/8/24
उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (7) अपील–07 / 2024....13762....पटना, दिनांक :–05/08/2024

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

05/8/24
उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (7) अपील–07 / 2024....13762....पटना, दिनांक :–05/08/2024

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

05/8/24
उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (7) अपील–07 / 2024....13762....पटना, दिनांक :–05/08/2024

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/8/24
उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप